आकाशवाणी
आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 16.08.2026
समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की।
- कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा– कण–कण में राष्ट्रभक्ति की भावना उत्तराखंड की सबसे बड़ी ताकत है।
- चमोली जिले में पीपलकोटी स्थित निर्माणाधीन टनल में लापता श्रमिकों की तलाश और बचाव का अभियान जारी।
- **और...** एफआईएच हॉकी विश्वकप में, भारत ने ग्रुप डी मैच में वेल्स को 3–1 से हराया।

**प्रधानमंत्री**

80वां स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किला के प्राचीर पर ध्वजारोहण कर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि जल्द से जल्द हमारी माताओं और बहनों को 33 प्रतिशत विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व मिले। उन्होंने कहा कि महिलाएं भारत की नीति गणतंत्र के अंदर अपना योगदान दे,ये समय की मांग है, और मैं सभी राजनीतिक दलों से फिर से आग्रह करता हूं कि महिला आरक्षण लागू करके महिला सम्मान में जुड़िए और मेरी माताओं–बहनों को हक दीजिए। श्री मोदी ने देशवासियों से सप्तधारा की शक्ति के उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज भारत ने भी एक बहुत बड़ा सपना देखा है और वो सपना है, जब आजादी के सौ साल होंगे। 2047 में हम विकसित भारत बनाके रहेंगे। एक सौ 40 करोड़ देशवासियों के पुरूषार्थ से इस लक्ष्य को हमें हासिल करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कई अभूतपूर्व संकटों से बाहर निकलने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि इन संकटों के दौरान टीके, ईंधन, गैस, डीज़ल और उर्वरक की कमी को लेकर काफी अफ़वाहें फैलाई गई थीं। श्री मोदी ने कहा कि सुनियोजित नीतियों, तैयारियों और समय रहते उठाए गए कदमों के कारण देश ने इन चुनौतियों का डटकर मुक़ाबला किया। श्री मोदी ने कहा कि सरकार 2047 तक सौ गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा है।

**प्रदेभर में**

प्रदेशभर में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमअ आयोजित किये गये। पौड़ी में विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने एजेंसी चौक से कलेक्ट्रेट तक भव्य प्रभात फेरी निकाली।जिला मुख्यालय में प्रभारी मंत्री मदन कौशिक ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। उन्होंने कहा कि आजादी केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि महान सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण कर राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारी दोहराने का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भारत और उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे हैं और विकसित भारत के संकल्प में उत्तराखंड पूरी मजबूती से अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पौड़ी वीर सैनिकों की धरती है, जहां की मिट्टी ने देश को ऐसे वीर सपूत दिए हैं, जिन्होंने तिरंगे की आन, बान और शान के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। उत्तराखंड के कण–कण में राष्ट्रभक्ति की भावना इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवाओं और बच्चों को राज्य की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए नशे से दूर रहने, लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। साथ ही बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए गांवों की मजबूती तथा प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए सभी को मिलकर सशक्त, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना है।

**भारत–चीन सीमा**

चमोली जिले में भारत–चीन सीमा की अग्रिम चौकियों, देश के प्रथम गांव माणा और सीमांत नगर ज्योतिर्मठ में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। नीती–माणा घाटियों के साथ भारत–तिब्बत–चीन सीमा से सटी अग्रिम चौकियों पर भी जवानों ने तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया। देश के प्रथम गांव माणा में आई बैक्स ब्रिगेड के जवानों और आईटीबीपी के हिमवीरों ने ग्रामीणों के साथ तिरंगा रैली निकालकर आजादी का जश्न मनाया। इस दौरान भारत माता के जयघोष से सीमांत क्षेत्र गूंज उठा। सीमांत पैनखंडा के मुख्यालय ज्योतिर्मठ में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य आयोजन हुआ। नगर के विद्यालयों की प्रभातफेरी के बाद खेल मैदान रविग्राम में सामूहिक मार्च पास्ट का भव्य आयोजन किया गया।

**सम्मान मिला**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तराखंड में उत्कृष्ट सेवाओं और विशिष्ट कार्यों के लिए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून परेड ग्राउंड में सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समारोह में राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को भी सम्मानित किया और फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने 14 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया। इनमें आठ को सेवा के आधार पर और छह को विशिष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

**टनल हादसा**

चमोली जिले में पीपलकोटी स्थित टीएचडीसी की निर्माणाधीन टनलमें 13 अगस्त को हुई दुर्घटना के बाद लापता श्रमिकों की तलाश औरबचाव का अभियान लगातार जारी है। टनल में लापता दो अन्य श्रमिकों की तलाश युद्धस्तर पर की जा रही है। रेस्क्यू टीमें टनल के भीतर लगातार सर्च अभियान चला रही हैं। जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और संबंधित विभागों की टीमें आपसी समन्वय से अभियान में जुटी हैं।

वहीं आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने पीपलकोटी स्थित टीएचडीसी की निर्माणाधीन टनल के घटनास्थल का जायजा लिया और जिलाधिकारी एवं कंपनी प्रबंधन से घटना की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने टनल के अंदर फंसे श्रमिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकालने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू कार्य में किसी भी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी और उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करते हुए अंदर फंसे श्रमिकों को जल्द बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों के पालन और हादसे की जांच को लेकर जांच की जा रही है। श्री कौशिक ने कहा कि जब तक सुरक्षा के मानक पूरे नहीं होंगे कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पीडितों के मुआवजा राशि के लिए टीएचडी और उनके साथ काम करने वाली कंपनी से वार्ता की गई है।

कौशिक ने कहा कि हादसे में प्रभावित परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध कराया जाएगा।

इस बीच, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिकों के परिजनों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार प्रत्येक मृतक श्रमिक के निकटतम परिजन को पांच लाख रुपये और प्रत्येक घायल श्रमिक को एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।

**मुख्य न्यायाधीश**

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि पिछले आठ दशकों में देश, कई बड़ी चुनौतियों से निकला है, लेकिन अभी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय परिसर में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के ध्वजारोहण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि देश की यात्रा अब तक की उपलब्धियों के साथ समाप्त नहीं होती। उन्होंने कहा कि देश के कानूनी और न्यायिक संस्थानों ने भी देश के साथ उल्लेखनीय प्रगति की है और परिपक्व हुए हैं। इन संस्थानों ने राष्ट्र की अंतरात्मा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**शक्तिशाली भूकंप**

इंडोनेशिया में फ्लोरेस के तट के पास आज आए 7 दशमलव सात तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में मृतकों की संख्या बढ़कर 47 हो गई है। बचाव दल प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान चला रहे हैं। भूकंप के बाद देश के कई हिस्सों में एक मीटर से कम ऊंचाई की सुनामी लहरें भी दर्ज की गईं। मुख्य शहर मौमेरे में बचाव दल ने 20 शव बरामद किए और छह घायलों को बाहर निकाला।